>

Title: Discussion on the Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General) for 2011-2012.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up item no. 24.

Motion moved:

> "That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2012, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1, 2, 4, 6, 9, 11, 12, 16, 19, 23, 24, 30 to 33, 38, 40, 41, 45 to 48, 50, 52 to 54, 57 to 61, 66, 72 to 75, 82, 85, 87, 90, 91, 93, 94, 96 and 101 to 105."

Shri Harin Pathak will speak now.

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद पूर्व): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। वर्ष 2011-2012 की 53 अनुदानों की मांगों पर जिसकी राशि 25,707 करोड़ रुपये है, इसे पारित कराने के लिए वित्त मंत्री जी सदन में आये हैं। यह हमारी एक संवैधानिक जिम्मेदारी है। इसमें कोई दो राय नहीं है, हम इसे पारित करेंगे। मगर इन अनुदानों की मांगों का सीधा संबंध हमारे बजट के साथ है। लगभग 12 लाख करोड़ रुपये का बजट हमने पारित किया है। बजट सिर्फ उस साल के लिए नहीं होता, बल्कि आने वाले पांच सालों की उसमें झलक होती है। जब बच्चा स्कूल में जाता है तो हर तीन महीने, छः महीने में उसकी परीक्षा होती है, उसका विश्लेषण होता है कि बच्चे ने क्या काम किया। आज मैं अनुदानों की मांगों पर सहमति देते हुए इतना कहना चाहता हूं कि बजट जिस तरह से रखा गया है और बजट में जो-जो वायदे किये गये थे, उनमें से एक भी वायदा आज तक पूरा नहीं हुआ। मुझे बड़े दुख के साथ कहना है कि जब वर्ष 2011-2012 का बजट सदन में रखा गया था, तब प्रधान मंत्री जी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि जितने भी चैलेंजिज देश के सामने हैं, उनके सारे उपाय इस बजट में हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि देश की 64 सालों की आजादी के बाद और 64 सालों में से भी 53 साल तक कांग्रेस के शासन के बाद देश के सामने जो चुनौतियां हैं, उनमें से एक का भी ठीक से सामना किया गया हो। जो चुनौतियां आज हमारे सामने हैं, ये पहले नहीं थी, लेकिन अब चुनौतियां बढ़ गई हैं। आम जनता से लेकर मध्यम वर्ग, व्यापारी वर्ग या कोई भी वर्ग हो अथवा व्यक्ति हो, आज उनके लिए इस देश में जिस प्रकार का आर्थिक माहौल है, उसमें उनके लिए जीना संभव नहीं है। हम जी लेते हैं, जीते नहीं हैं और कोई चारा नहीं है। वित्त मंत्री जी कहते हैं कि परचेजिंग पावर बढ़ायेंगे। हम इसलिए जी लेते हैं। न हमारी गरीबी दूर हुई, न महंगाई पर काबू पाया गया। सुबह श्री यशवंत सिन्हा जी ने ठीक कहा कि मैं सबसे ज्यादा निराश तब हुआ, वित्त मंत्री जी चले गये...

उपाध्यक्ष महोदय : नहीं, राज्य मंत्री जी हैं।

श्री हरिन पाठक : मुझे मालूम है। दोनों राज्य मंत्री बैठे हैं। ...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI S.S. PALANIMANICKAM): Both the MoS, Revenue and MoS, Expenditure are present here in the House.

श्री हरिन पाठक : इनसे कुछ नहीं होने वाला है। जिनको करना था वह चले गये। उनसे भी नहीं हुआ। मैं वही निराशा और आक्रोश व्यक्त करता हूं। हमने जब यह चर्चा नियम 184 के तहत मांगी थी, तब हम चाहते थे कि सरकार कोई ठोस कदम के साथ बढ़ती हुई महंगाई को रोकने का उपाय करेगी। महंगाई का संबंध सिर्फ व्यक्ति के साथ नहीं जुड़ा है, बल्कि देश की अर्थ नीति के साथ जुड़ा है। महंगाई बढ़ती है बेरोजगारी के कारण, बेरोजगारी के बाद भ्रष्टाचार आता है। बेरोजगारी, अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी ये जो सारी चुनौतियां हमारे देश के सामने हैं। सरकार ने इनमें से एक का भी समाधान नहीं किया। सुबह मुझे ज्यादा दुख हुआ कि महंगाई को रोकने के बारे में एक भी बात नहीं कही गई और हम दावा करते हैं कि हिंदुस्तान प्रगति कर रहा है।

हम विदेशों के साथ तुलना करते हैं कि अमरीका बैंकरप्ट होने जा रहा है। मैं अर्थशास्त्री नहीं हूँ, अर्थशास्त्र मेरा विषय नहीं है। मगर मैं अर्थशास्त्र को समझता हूँ। मेरे नेतृत्व ने आज से 20 साल पहले मुझे हर्षद मेहता मामले वाली कमेटी में सदस्य बनाया था। तब से मेरी रूचि अर्थव्यवस्था में बढ़ी है। मैंने उसका अध्ययन किया है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन को बताना चाहता हूँ, और सदन को चेतावनी भी देना चाहता हूँ कि आर्थिक स्तर पर देश बर्बादी के कगार पर खड़ा है। यह मैं नहीं कहता। हम आर्थिक स्थिति में महाशक्ति बनने की बात करते हैं। रॉयल बैंक ऑफ स्काटलैण्ड ने वर्ष 2011-12 के बजट के पहले एक सर्वे में स्पष्ट कहा था, मेरे पास हिन्दुस्तान टाईम्स की 5 जनवरी 2011 की कटिंग है जिसमें लिखा है कि आर्थिक महाशक्ति बनने में महंगाई बाधा बन सकती है। आगे लिखा है कि - रॉयल बैंक आफ स्काटलैण्ड ने भारतीय अर्थव्यवस्था के मामले में वर्ष 2011 में मुद्रास्फीति को सबसे बड़ी चिंता बताया है। बैंक ने कहा है कि लोगों की आय बढ़ने के साथ-साथ सरकारी व्यय, वृद्धि और विश्व बाज़ार में कच्चे तेल के बढ़ते दाम, मूल्यों पर लगातार दबाव बनाए रखे जाएं, जो कि रिज़र्व बैंक और मुद्रास्फीति पर अंकुश रखने के प्रयासों को दरकिनार करते दिखते हैं। जब तक आप महंगाई पर काबू प्राप्त नहीं करेंगे, तब तक देश का अर्थतंत्र बिल्कुल गड्ढे में जाएगा। मैं आपको उसके आंकड़े भी देना चाहूंगा कि देश की क्या स्थिति है। जब एनडीए की सरकार थी, उस समय हमारे पास फॉरेन एक्सचेन्ज रिज़र्व 202 मिलियन डॉलर के आस-पास था। वहीं हमारा विदेशी कर्जा 104 बिलियन डॉलर था। आज मैं दावे के साथ कहता हूँ कि मेरे पास जो आंकड़े हैं, उनके अनुसार आज देश पर 296 बिलियन

डॉलर का विदेशी कर्ज है और हमारा रिज़र्व फण्ड 297 बिलियन डॉलर है। यह लगभग बराबर है। मेरे पास ये फिगर भी हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, जब हम विकास के लिए एक रूपया निकालते हैं तो उसमें से सिर्फ 22 पैसा ही जाता है और यह 22 पैसा खर्च करने के लिए, देश के विकास के लिए हमें विदेशों से एक रूपये पर 27 पैसा कर्ज लेना पड़ता है। यह देश की आर्थिक स्थिति है। अभी-अभी वित्तमंत्री जी कह रहे थे कि टॉप इन्डस्ट्रियलिस्ट हमारे देश में हैं, उन्होंने रतन टाटा वगैराह का नाम लिया कि उनका नाम दुनिया में आ रहा है। हम आम आदमियों के लिए वही तो चिंता का विषय है कि देश का पैसा विदेशों में चला जाता है। यशवंत जी ने कहा कि देश में एक बड़ी खाई बनती चली जा रही है। वह खाई है कि पिछले पांच-दस सालों में, आपके शासन में, अमीर और अमीर बन गया है और गरीब बर्बाद हो कर गरीबी की खाई में डूब गया। मेरे पास वह फिगर भी है। सन् 2004 में 96 हजार लोग ऐसे थे जिनकी आमदनी प्रति वर्ष चार करोड़ रूपये थी। आज आप गौरव लेते हो कि हमने पैसे वाले को पैसे वाला बनाया है।

आज देश में चार करोड़ रूपये सालाना से ज्यादा कमाने वालों की संख्या एक लाख चालीस हजार पर पहुंची यानी हमारे देश में एक लाख चालीस हजार लोग ऐसे हैं, जिनकी सालाना आमदनी चार करोड़ रूपये से ज्यादा है। Rich has become richer, poor has become poorer. ...(व्यवधान) उनकी संख्या एक लाख चालीस हजार है, यह विश्वास नहीं होता है। उसी पर यह चमक है, उन्हीं पर ये दावा करते हैं कि देश प्रगति कर रहा है और कोई मंहगाई नहीं है। सलमान खुर्शीद साहब कल बोल रहे थे कि महंगाई कहाँ है, पांच परसेंट लोगों में मंहगाई है। मुझे हंसी आ रही थी, मैं पीछे बैठे-बैठे सुन रहा था। यह पांच परसेंट लोगों के लिए मंहगाई है। एन.सी.सक्सेना की रिपोर्ट है, आपके पास तो गरीबी के आंकड़े नहीं है। आपके पास आंकड़े नहीं हैं कि कितने गरीब हैं और आप फूड फॉर सिक्युरिटी बिल लाने की बात करते हो। आप यह बिल कैसे लाओगे जबकि एन.सी.सक्सेना की रिपोर्ट कहती है कि 36 करोड़ हैं। तेंदुलकर जी की रिपोर्ट कुछ और कहती है। कल के.एस. राव साहब बोल रहे थे, मैं उन्हें ध्यान से सुना है। You said yesterday that fifty per cent of people are living below the poverty line. Now, your Minister contradicted and said that only five per cent are poor. यह इतना मजाक गरीबों के साथ है। यह कल सलमान खुर्शीद जी ने कहा है। मैं इसी बात की चिंता को लेकर आपसे इतना ही कहना हूं कि हमारी आर्थिक स्थिति, कल जो सारी चर्चा मंहगाई पर हुई है, मैं उस पर कोई राजनीति स्कोर नहीं करना चाहता हूं, मुझे वेदना है, मुझे बेहद पीड़ा है कि मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती, यह कहने वाला मेरा देश, चाहे वह संस्कृति हो, चाहे वह अर्थव्यवस्था हो, चाहे देश का ज्ञान हो। विदेशों से हमारे पास लोग सीखने के लिए आते थे। आज देश का सारा ज्ञान, विद्वान लोग दुनिया भर में छाये हुए हैं। हमारा देश भी उस रास्ते पर चल पड़ा है। इस रास्ते पर सिर्फ बर्बादी के सिवा कुछ नहीं है। ये आंकड़े साबित कर रहे हैं। कर्जा बढ़ता जा रहा है, 35 परसेंट से ज्यादा आप प्लान एक्सपेंडीचर में खर्च नहीं कर सकते। यशंवत जी मैं ठीक कह रहा हूं ना। हमारे पास पैसा नहीं है। Non-Plan एक्सपेंडीचर बढ़ता ही जा रहा है। इसे कहां तक ले जाओगे? हम सब्सिडी की बात करते हैं कि हमने सब्सिडी दी है। कुल मिलाकर एक लाख पचास हजार करोड़ रूपये की सब्सिडी हम देते हैं। सब्सिडी की भी मैं आपको बात कहूं, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने अभी दावा किया कि हमने किसानों को सब्सिडी दी है। किसानों को जो सब्सिडी दी है, मेरे पास उसकी भी फिगर है। गरीब किसान को सस्ता अनाज देना, खेत मजदूरों कों गैस में, डीजल में कुल मिलाकर हमारी सब्सिडी एक लाख पचास हजार करोड़ रूपये की है। यह बजट का सिर्फ 9 प्रतिशत है। आप लोग ध्यान से सुनियेगा, We give nine per cent of the total Budget as a subsidy to the poor people and we give eighteen per cent as an interest to the foreign and international debt. हम देश और विदेशी कर्जों के लिए हमारे बजट का 18 प्रतिशत हिस्सा कर्ज में चला जाता है। देश कर्ज में डूबा हुआ है और डूबता हुआ ऐसी स्थिति में आ गया है। ये जो आप सारे आंकड़े बताते रहते हो, मुझे तो कई बार आश्चर्य होता है। ग्रोथ बढ़ती है तो इंफ्लेशन कम होता है। मैंने पिछले इतने सालों में संसद में देखा और पिछले दस साल में कभी ऐसा नहीं देखा। I would like to know about it from him or the Cabinet Minister. आप मुझे बताइये कि क्या दुनिया का कोई ऐसा देश है, जिस देश में इंफ्लेशन बढ़े तब भी मंहगाई बढ़े।

इनफ्लेशन ज़ीरो परसेंट हो, तब भी महंगाई बढ़े। यह अर्थशास्त्र तो मुझे समझ में नहीं आता। इतना समझा दीजिए कि इनफ्लेशन के साथ आम आदमी नहीं जुड़ा है। कृपया समझने की कोशिश कीजिए। ...(व्यवधान) आप नये नये हैं, मंत्री बने हैं। ...(व्यवधान)

आप समझा दीजिए अपने इंटरवैन्शन में कि अगर आप कहते हैं, अर्थशास्त्री कहते हैं कि इनफ्लेशन नीचे आएगा, महंगाई कम होगी, और बार-बार आप जवाब देते हैं कि डीज़ल और पैट्रोल के दाम बढ़े हैं इसलिए क्योंकि इंटरनेशनल मार्केट में दाम बढ़े हैं। सब्ज़ियों के दाम क्यों बढ़े हैं? दूध का दाम क्यों बढ़ा? मेरे पास जो आँकड़े हैं, मैं जो मानता हूँ, मैं जिस राज्य से आता हूँ, केवल गुजरात ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान दुग्ध उत्पादन में दुनिया का सबसे बड़ा देश है। फिर भी हर तीन महीने में दूध के भाव बढ़ते हैं, सब्ज़ियों के भाव बढ़ते हैं। परिस्थिति बहुत खराब है। हमारा विदेश व्यापार बिगड़ता जा रहा है। वास्तविकता से हम कहीं और भटकते जा रहे हैं। उसका एकमात्र कारण है कि सरकार के पास कोई कारण नहीं है। पहले भी नहीं था, आज भी नहीं है। नारों पर चुनाव लड़ा जाता है, नारों पर चुनाव जीता जाता है और शक्ति के बल पर संसद में पाँच साल टिका जाता है। मगर अब समय परिवर्तित हो चुका है। लंबे समय तक ऐसा नहीं चलेगा। देश आपसे जवाब मांग रहा है। मैंने देखा है अपने चुनाव क्षेत्र में। मैं कोई आपकी टीका-टिप्पणी नहीं कर रहा हूँ, सच्चाई बता रहा हूँ। लोगों की आवाज़ बता रहा हूँ। मैं तो रोज़ गाँव जाता हूँ, गाँव में पैदा हुआ हूँ। इस बार जब मैं सातवीं बार चुनाव लड़ा तो दो गाँव के क्षेत्र मेरे लोक सभा क्षेत्र में आए। अहमदाबाद की सीट में पाँच क्षेत्र पुराने रहे और दो बाद में नए जुड़े जो कि गाँव के क्षेत्र थे। 1996 से लेकर 2009 तक, कांग्रेस 24000 प्लस थी और बीजेपी माइनस थी, एक भी विधायक नहीं, पंचायत का सदस्य नहीं। जो विधायक कांग्रेस के चुनकर पाटन से आए हैं, वे यहाँ आज नहीं आए, वे चार बार वहाँ से जीते। मैं गाँव में गया। मैंने लोगों की बात सुनी। वह गाँव की बुड्ढी औरत, वह मेरी माँ, किसान की पत्नी, बेटी, बहू, वह गाँव के लोग, ये महंगाई से त्रस्त होकर मुझसे कहते थे कि हरिन भाई आप जीतोगे, आपकी सरकार बनेगी, महंगाई कम होगी। मैं सिर्फ इसलिए कहता हूँ, इसको हल्के तरीके से मत लो, बहुत जल्दी यहाँ आने वाले हैं आप लोग। जिस तरह से आपको नशा चढ़ा है सत्ता का, हिन्दुस्तान की जनता को आप समझते नहीं हैं, हिन्दुस्तान की जनता ऐसी है कि अच्छे-अच्छों की सत्ता के नशे को दूर कर देती है।

उसी क्षेत्र में मैंने एक पत्रिका छपवाई। मैंने पत्रिका में 2004 में एनडीए के शासन के जितने भी खाद्यान्न के मूल्य थे, वह लिखे और 2009 के मूल्य लिखे। लोगों का मैनडेट आया। दोनों क्षेत्रों में मैंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता के प्रयत्नों से और लोगों के समर्थन से 3500 और 2500 प्लस वोट लिया। और यह मेरी प्रशंसा नहीं है। इसको समझिये - यह है लोगों की सोच। जल्दी जाने का रास्ता आ गया है आप लोगों के लिए। आपको परवाह नहीं है, लेकिन मुझे परवाह है। मेरी पार्टी को इसकी परवाह है। सदन में बैठे अनेक लोगों को उन गरीबों की, किसानों की, मजदूरों की, खेत-खलिहानों में काम करने वाले लोगों की, मध्यम वर्ग के गरीब लोगों की परवाह है। हम उनके लिए बोलते रहेंगे। हम उनके लिए संसद में, संसद के बाहर गलियारों में लड़ते रहेंगे, उनके लिए जेल जाएंगे। हम इस तरह से देश को बर्बाद नहीं होने देंगे। देश बर्बादी के कगार पर खड़ा हुआ है। आपके पास कुछ नहीं है। सब्सिडी का आप मज़ाक उड़ाते हैं। एक रूपए में से बारह पैसे सब्सिडी आप गरीबों को देते हैं और ये सब्सिडी धीरे-धीरे कम होती जा रही है। आप दावा करते हैं कि आप गरीबों को सब्सिडी दे रहे हैं। वर्ष 2004-05 में एक रूपए पर बारह पैसे की सब्सिडी देते थे, वह धीरे-धीरे कम होकर आज एक रूपए में से नौ पैसे पर आ गया है। आप कहां सब्सिडी देते हैं। आप कैश सब्सिडी की बात करते हैं। कैश सब्सिडी कैसे होगी जब आपके पास आंकड़े ही नहीं है। आपके पास गरीबी के कोई आंकड़े नहीं हैं। आपको गरीबों की कोई चिंता नहीं है, भ्रष्टाचार की चिंता नहीं है। अब कभी-कभी दुख भी होता है कि यह भ्रष्टाचार कहां तक पहुंच गया। इसमें आपके मंत्री इन्वॉल्व हैं। कल एक और सी.ए.जी. की रिपोर्ट आयी है। मैं राजनीतिक बात नहीं करूंगा।

मगर, क्या भ्रष्टाचार को रोकने के लिए आपने अपने बजट में कुछ कदम उठाए? हमारे नेता श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी ने जब वर्ष 2009 के चुनाव में पहली बार हिन्दुस्तान के विदेश में पड़े हुए भारतीयों के काले धन को लाने की बात कही तो आपने हंसी उड़ायी। आज दुनिया मानती है, हिन्दुस्तान मानता है, संसद मानती है कि देश में जिन लोगों ने कालाबाजारी करके, देश को लूट करके, सदन में बैठे हुए लोगों के साथ मिल करके, अधिकारियों के साथ मिल करके जो पैसा कमाया, आज विदेशों के बैंकों में पड़ा है। उसे लाना चाहिए। आज 92 प्रतिशत लोग कहते हैं कि उसे लाएं। आदरणीय उच्चतम न्यायालय ने भी कहा।

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे ज्यादा नहीं कहना है। मुझे इतना ही कहना है कि परिस्थिति पर आप नियंत्रण रखें। देश अपेक्षा रखकर बैठा है। हम सब लोगों पर हमारी मर्यादा है। हम प्रतिपक्ष में हैं। हम सुझाव दे सकते हैं, दबाव डाल सकते हैं। अगर आप हमारे सुझावों और दबावों को हंसी-मज़ाक में ले लेंगे तो आने वाला समय माफ नहीं करेगा। अब परिस्थिति ऐसी बनी है कि हमने दावा किया कि दुनिया भर में हमारा नाम बढ़ रहा है। मेरे पास संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट है। अगर देश का अर्थतंत्र मजबूर होता तो एक ह्यूमन इंडेक्स करके आता है। आप इससे भली-भांति परिचित हैं। अभी यह कुछ लोगों को पता नहीं चलेगा कि ह्यूमन इंडेक्स क्या होता है। ह्यूमन इंडेक्स में मैं चार उदाहरण दूंगा- इस देश की औसत जीवन आयु। हमारे देश की जो एवरेज लाइफ स्पैन है उसमें हम पीछे हैं। शिक्षा और साक्षरता में 64 साल के बाद पीछे हैं, इनरॉल्मेंट में पीछे हैं, वूमेन जेंडर इंडेक्स में पीछे हैं और हम इसमें 100 वर्ग नंबर से ऊपर है। इसके कारण क्या हैं? अब मैं उस कारण पर आकर अपनी बात पूरी करूंगा। इसका कारण यह है कि हमने ग्रोथ के बारे में सोचा और ग्रोथ के बारे में सोचते-सोचते हम भूल गए कि ऐसा ग्रोथ न हो कि जिसमें भ्रष्टाचार पनपे। जी.डी.पी. को बढ़ाने के लिए हमने एम.डी.आई. से समझौता किया। श्री यशवंत सिन्हा जी, आपकी अनुमति से मैं आज पहली बार संसद में एक शब्द बोलना चाहता हूं- एम.डी.आई.। एम.डी.आई. मतलब मोरेलिटी डेवलप्मेंट इंडेक्स। हमारी नैतिकता खत्म हो गयी। इसलिए आपके भूतपूर्व मंत्री जेल में हैं। आने वाले छः महीने बाद आपकी कैबिनेट की बैठक ...* होगी।

आप लोग उस तैयारी में हैं। मोरैलिटी, डैवलपमेंट इंडैक्स, व्यक्ति का चरित्र गिर चुका है । मैं देश का चुना हुआ प्रतिनिधि हूं। हम सब विफल गये, लेकिन आप ज्यादा विफल गये।

हम चाणक्य का कई बार उदाहरण देते हैं। मैं चाणक्य के उदाहरण में इतना कहूंगा कि चाणक्य के शासन में जितने चाणक्य महान थे, उतने ही महान एक और मंत्री थे, जिनका नाम महा-अमात्य राक्षस था। वे चाणक्य जैसे ही विद्वान थे, मगर चन्द्रगुप्त के खिलाफ थे। He was against Chandragupta Maurya. वे धनान्द के साथ थे। उन्होंने कहा है: उन्होंने क्या कहा है, मैं कोट करना चाहता हूं, मुझे मालूम है। उनके शब्दों में...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शान्ति से बैठिये।

श्री हरिन पाठक : उन्होंने कहा है कि जिस देश में चोरों को बेरोकटोक जनता के बीच जाने की इजाजत हो, कालाबाजिरियों को छूट दी जाती हो, उस देश को खत्म करने के लिए बाहरी आक्रमण की आवश्यकता नहीं है, वह देश खुद, अपने आप पर राष्ट्र अपने आप दुनिया के नक्शे से मिट जाता है। हमारे देश के मिट जाने से पहले मैं प्रार्थना करना चाहूंगा कि देश को बचा लीजिए।

इन्हीं शब्दों के साथ, उपाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I rise to support the first batch of Supplementary Demands for Grants, 2011-12. The first batch of Supplementary Demands for Grants include 53 Grants and approval is sought from the Parliament to authorize gross additional expenditure of Rs.34,724.50 crore; of these, the proposals involving net cash outgo aggregate to Rs.9,016.06 crore and gross additional expenditure matched by savings of the Ministries, Departments or by enhanced recoveries aggregates to Rs.24707.84 crore.

Sir, for all the Members of Parliament of this House there is good news. In the last Budget announcement the Government had proposed to increase the annual allocation under MPLAD Scheme for each Member of Parliament from Rs.2 core to Rs.5 crore and to honour this commitment made by the Government a Supplementary Grant of Rs.2370 crore is included. This was a long-standing demand of the MPs cutting across the Party lines and I am thankful to the Government that by considering our long-standing demand the Government has sanctioned and increased the quantum of MPLADS Fund from Rs.2 crore to Rs.5 crore and to meet the expenditure it has made the provision of Rs.2370 crore in the Supplementary Demands for Grants.

The Government is very concerned about the environment. It is because in the present global situation, people all over the world are getting more and more concerned about environment including clean energy. In this Supplementary Demands for Grants (General) for 2011-12, the Government is providing a sum of Rs. 1066.46 crore for financing various new projects, relating to clean energy.

Sir, the Government has always stood with our expatriates, the people who reside in foreign lands. You are well aware that there is a crisis, which has been brewing up in the Middle East, Arab North Africa and other countries. It has necessitated the Union Government to evacuate our citizenry remaining there. In this Supplementary Demand, a provision for settlement of Bills for conducting these evacuation operations has been included.

Sir, in the Budget for the year 2011-12, an announcement was made to increase the rate of honorarium for Anganwadi workers and helpers. To fulfil this commitment, the Government has proposed an additional cash out go of Rs.1500 crore. Not only that, to complete the Socio-Economic-cum-Caste Census, 2011, which consist of BPL Census for rural areas, BPL Census for urban areas and Caste Census in the whole country by the end of December, 2011, the Government has sought

the approval of the Parliament for disbursing Rs. 2300 crore.

Sir, I am appreciating this Government as it has taken an initiative to celebrate 150th Anniversary of Guru Rabindranath Tagore and Swami Vivekananda. To preach the message of humanity and love, we need to do more and more endeavour throughout the world, only to convey the message that our civilization believes in 'live and let live'. On that score, the Supplementary Demands have proposed Rs. 15 crore.

Last but not least, the Government has sought to augment the capital base of NABARD by Rs. 1000 crore, although, it is a token provision. This will further facilitate the scope of credit to the rural community of our country. However, the Government is conscious of maintaining the fiscal deficit of 4.6 per cent for the financial year 2011-12.

Sir, my friend, Shri Harin Pathak Ji was deliberating on the economic situation of our country, which in his view is leading towards a financial mess. I think he was influenced by utter pessimism, which may lead to an abyss of despair.

15.00 hrs.

Since yesterday here we are witnessing a very significant dual between the former Finance Minister and the current Finance Minister which I must admit has enriched our knowledge and experience. We have gathered many things from that duel held between the two Finance Ministers.

Only the Achilles' Heels to the Government has candidly admitted is inflation and price rise. We have never disagreed to it. But at the same time, I would like to refer to two instances which came out in the yesterday's newspaper, *The Times of India*. I quote the first item:

> "Roughly 12 hours before Washington was to run out of time and funds, the Senate passed a deal struck between Republicans, Democrats and President Barrack Obama to increase the country's debt ceiling and avert a default."

Now I would quote the second news item:

> "India is set to fund a bail out in financial stricken Europe marking a dramatic role reversal from 20 years ago when it went knocking on the doors of International Monetary Fund to avert the Balance of Payment crisis."

What does it indicate? It clearly demonstrates the financial sinew that we are holding now. Once upon a time, Indians were treated by the Europeans as white man's burden but now the same Indians are moving forward to rescue the European economy from financial mess. That clearly vindicates our strength, the dynamism of our economy and our resources.

I would just refer to a few lines from the Mid-Term Appraisal of 11th Five Year Plan:

> "The relatively modest slow down in the face of an exceptionally sub-contraction in output in the industrialized world has established the resilience of Indian economy in terms of its ability to manage a down turn despite greater openness. While the advanced economies saw their growth decline from a trend rate of 2.0 to 2.5 per cent to (-) 2.0 to (-) 3.0 per cent, growth in India declined by only about two percentage points."

Sir, Indian financial system was not affected by toxic assets as has occurred in the US and European economies because we have been pursuing traditionally conservative approach to bank regulations and the conscious Government decision to adopt a cautious approach in liberalizing capital flows.

It is especially so in short-term debt combined with building up ample foreign exchange reserve. The fact is that our economy is not solely dependent on exports, rather our economy is domestic demand driven economy and that is why Indian economy always holds the resilience which is the secret of our economic success. However it is expected by the mid-term appraisal that if the industrialised countries show positive annual growth of 2.3 per cent in 2010 and 2.4 per cent in 2011 as is currently thought likely, then it is possible to envisage India's growth rate increasing to around 8.5 per cent in 2010-11 with a further increase to 9 per cent in 2011-12.

However, an important area of concern, the mid-term appraisal has suggested, is the size of the combined fiscal deficit of the Centre and the States which increased from 6.3 per cent of GDP in 2006-07 to about 10 per cent in 2008-09 and

remained around the same in 2009-10. This Government is making endeavour to raise farm incomes for land owning farmers and wage income for landless farmers.

Sir, I would like to draw the attention of Shri Harin Pathak because he referred to prices of milk etc. and for his information I would like to state that most State Milk Federations and metro dairies had increased both the procurement and selling prices of milk. The latest increase in procurement price of milk took place in June 2011 when the State of Gujarat raised the price of milk by Rs. 4.86 per litre of milk; Maharashtra by Rs. 2.50 per litre; Madhya Pradesh by Rs. 3 per litre and the States of Karnataka, Uttar Pradesh and Punjab by Rs. 5 to Rs. 5.36 per litre. On the other hand, what steps did the Central Government take in this regard? Duty for Skimmed Milk Powder was reduced from 15 per cent to 5 per cent for import upto aggregate of 10,000 MTs in a financial year. Import of 30,000 tonnes of milk powder and 15,000 tonnes of milk pack was allowed at zero Duty to NDDB during 2010-11.

Now, the situation is that inflation of 31essential commodities has declined to 7.7 per cent in April – June, 2011 from 14.5 per cent in April – June, 2010 and 24.51 per cent in December 2009. That means the measures that had been taken by this Government is now yielding positive results.

However, we are not at all satisfied. Only today, the hon. Finance Minister has suggested that we need growth with moderate inflation. Yes, we need growth with moderate inflation.

15.10 hrs.

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

He has clearly mentioned that there is no inherent contradiction between growth and inflation. Even RBI's concept of credit policy is that the global economic situation is still under pressure. We are witnessing the political turmoil of the Middle East and North Africa which has a cascading effect throughout the world including India. So, we cannot evade the situation occurring in other parts of the world.

However, there are some problems to which I would like to draw the attention of the Government also. Sectors like manufacturing, mining and quarries have seen considerable erosion of growth momentum over the last one year. Consumption - demand is still holding but a sharp decline in the growth of investment is a matter of major concern. We know that bellweather of any economy is the IIP, that is, Index of Industrial Production. Insofar as IIP is concerned, there is a decline in industrial production. It has registered a decline of 6.3 per cent in growth whereas in the corresponding period of 2010, it was 13.1 per cent. State of weakness is visible in the growth of capital goods segment, intermediate goods segment and consumer goods segment. These all have to be taken into cognisance.

Furthermore, there is a perceptible decline in the performance of our core sectors where growth has been dipping. From 8.5 per cent in April, 2010, it has come to 4.6 per cent in April, 2011. Sectors like natural gas, fertilisers, cement and steel are largely responsible for this poor performance. However, a silver lining is appearing in the coal sector where, from negative growth, we are moving towards 2.8 per cent in April, 2011. There are problems and these problems are inherent in economy. By prudential way, by taking effective measures, we have to minimise the adverse impact of economy and there lies the success of any economic policy. Exports have registered a growth of 34.4 per cent over the same month of the previous year. However, in April, 2011, imports registered 14.1 per cent growth in comparison to previous year. So, naturally, we have to do many things in a manner which can create more investments, investor confidence so as to sustain the advancement of our economy.

There should be no panic regarding foreign exchange reserves as was illustrated by Shri Harin Pathak. In April, 2011 the total Indian foreign exchange reserve was 313 billion dollars. It is a robust foreign exchange reserve. So, we need not to be perturbed over of the worry. Agri and allied sectors also registered a strong growth. This year 241 million food grains have been produced by our farmers, for whom we are all proud of. Adequate stock, including strategic reserves, is in place. So, we need not push any panic button in regard to our economy.

I would like to draw the attention of the Opposition benches to the fact that during their regime the quantum of rotten food grain was 2.1 lakh tonnes. But now, during this regime, it has been drastically reduced to the level of 0.06 lakh tonnes. Of course, there are some news often coming up about the rotten food grains. It has been reduced from 2.1 lakh tonnes in the year 1990 to 0.06 lakh tonnes now.

So, now I would like to draw the attention of this Government to an issue which is very much related to my State West Bengal; my neighbouring State, Jharkhand; and the entire Eastern India. We are well aware that in the year 1948, by an

Act of Parliament, the Damodar Valley Corporation was constituted, as a replica of Tennessee Valley Project of the USA. One of the founders of our country, Pandit Jawaharlal Nehru conceived the Damodar Valley Corporation, which was regarded as a dream project with multi-purpose objectives. The vision includes for the welfare of the command area. This kind of multi-purpose project was conceived by our leader and this proposal was moved by no less a person than Shri Gadgil in the Constituent Assembly. But now the Damodar Valley Corporation is in distress because the DVC has been starved of requisite funds. It cannot bear the equity that is required for maintaining the growth and for maintaining the commitment made by it. You are well aware that this Government has proposed 'Power for all by 2012'. To realise that objective the DVC was entrusted with the crucial task of generating 7,000 megawatts of power.

This requires an investment of about Rs.36,500 crore. It was proposed that out of the Rs.36,500 crore, a sum of Rs.12,500 crore was to be derived by internal resources and the balance of about Rs.24,000 crore was planned to be raised through borrowing. As the participating members, the Central Government, the West Bengal Government and the Bihar Government which is Jharkhand Government now, are supposed to pay the due. But the fact is that since 1969, the participating Government has stopped paying its capital contribution. Since 1969, a meagre sum of Rs.214 crore was paid by the participating Government. As a result of it, the DVC is now not in a position to fulfil its commitment and the statutory regulations. So, it needs funds.

In the year 2003, Parliament passed the Electricity Act. You will be astonished to note that by the Electricity Act, the DVC, which was deemed to be a State, was brought within the purview of the Electricity Act. It means that the DVC was rendered simply to be a power generating utility like the NTPC ignoring the statutory, multi-purpose mandate as enshrined in the DVC Act, 1948. However, there was an Electricity Act in the year 1948 itself. Along with it, there was an Act of 1948 called the Damodar Valley Corporation Act. But by the Electricity Act of 2003, the DVC was brought under the purview of the regulatory regime. Therefore, it has lost its pre-eminence in tariff fixation and other freedoms that the DVC had been enjoying since its inceptions. ...(*Interruptions*)

The DVC was brought to the regulatory arena wherein the Central Electricity Regulation Commission will fix the generation and transmission tariff and the respective State Electricity Regulation Commissions of West Bengal and Jharkhand will fix the distribution tariff leading to a multiple tariff regime with protracted legal complications and subsequent suffering of the DVC and its beneficiaries. The DVC is a statutory Corporation. It is not a company like the NTPC. So, it cannot borrow funds from the capital market. Therefore, the DVC has to depend upon internal resources and the equity which is supposed to be provided by the participating States and the Central Government. But the Central Government is now paying meagrely to the DVC. It has, in turn, suggested the DVC to go for additional borrowing while the DVC has been seeking capital grant to save it from collapse.

Sir, 11,000 employees are working in the DVC. Sir, 14,000 pensioners are also eking out their livelihood from DVC. DVC as a multipurpose organisation generates power, provides water, helps to irrigate the land in the command area and various kinds of social activities as that is the mission of DVC. But the fact is that the Government of India over the years has been playing step-motherly role towards the DVC. It is a national asset. It was conceived by Jawaharlal Nehru, Bidhan Chandra Roy. It is the lifeline of Bengal and Jharkhand. So, I would request the concerned Minister to help the DVC by infusing capital contribution so as to retrieve it from the financial morass that has been dawning on DVC over the years. I think my colleagues from West Bengal and Jharkhand would also support my argument but I do not hear any voice from Dr. Ram Chandra Dome.

Sir, the dichotomy is very curious when WBSCTCL is earning the rate 5.6 per unit; CESC – 4.11; DPL 3.51; DVC – 2.94. The total cash outflow Rs.395 crore; less cash inflow Rs.325 crore; shortfall revenue minus Rs.70 crore. So, DVC requires now at least Rs.5,000 crore to run the organisation and to maintain its social commitment. Not only, the character and nature of Damodar Valley Corporation needs to be restored. It should not be thrown away in the garbage under the Electricity Regulation Act, 2003 and the pristine character of DVC which was envisaged by an Act of Parliament needs to be restored.

I am hailing from a district called Mushirabad, which is the largest jute producing district in the country. The Government should make sincere efforts to revitalise the jute industry in view of the fact that the global market is keen to see the organic fibre. But the fact is, there is some sort of monopoly by some entrepreneur traders and businessmen who have ruined the prospect of jute industry. Now, the jute growers of West Bengal, Assam and other parts of eastern India have been suffering for not being able to get the remunerative prices. So, I would request the hon. Finance Minister to intervene in to it so that Jute Corporation of India should come forward and procure the jute from those areas because now the jute growers are really suffering from financial crisis.

Sir, I would like to raise two short points before concluding my speech. We are advancing towards more modernity and towards more technology savvy regime. In this regard, I would like to draw the attention of the Government that there is

an organisation called the Credit Information Bureau India Limited (CIBIL). Though hardly 2 to 3 per cent of total transactions in India are being done through credit and debit cards, the number of people using them here may be more than the total population of many West European countries. However, still it is very insignificant. People are not well conversant with the credit and debit market. So we need a social security number as it exists in countries like the United States of America, Canada etc. so that loan seekers in India, especially those who are educated and working as executives tend to buy things now and pay later. Credit business in India is shabbily organised. Therefore, I would like to draw the attention of the hon. Finance Minister that he should take it into cognisance because we are gradually moving towards a more modern India.

Then, as far as credit cards are concerned, more and more people are now going to be accustomed of using credit cards. There are mainly three different credit cards which are accepted and used in this country, namely Visa, Master and American Express. But the agony of Indian credit card holders is that they are made to pay interest on the balance amount to the tune of 40.80 per cent per annum or even more which is much higher than the one which is charged to a person with credit card in a West European country or in America and the credit card companies are charging the customers to a number of services like cash advance, duplicate statement, fuel surcharge etc. By resorting to these methods, they are simply squeezing out the customers. So our customers are compelled to pay hefty fines and penalties for meeting their aspirations. Therefore, I would propose that there should be some rationality and parity to what these credit card companies charge in comparison to Western Europe, USA, Canada and other developed countries.

Sir, our country is a vast, multi-religious a pluralist country and we have many problems. But this Government is marching forward to include all the segments of our society so that the benefits of our economic growth permeate to the grass root level of our society. I think this Government is going in the right direction and our future is bright.

With these words, I support the first batch of Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2011.12.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): महोदय, आपने मुझे वर्ष 2011-12 अनुदानों की अनुपूरक मांग पर बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आभारी हूं। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से श्री हरिन पाठक की बातें सुनीं और श्री अधीर रंजन जी को भी सुन रहा था। सरकार वर्ष 2011-12 के लिए 3.724 करोड़ रुपयों की मांग ले कर आई है, यह प्रति वर्ष के लिए एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार ने मौजूदा वर्ष में 3.43 लाख का बजट रखा है।

कल भी महंगाई पर बहुत विस्तार से बहस हुई है। सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी के बारे में पक्ष और विपक्ष के कई सम्मानित सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। अनुमानतः छः प्रतिशत वित्तीय घाटे का सकल घरेलू उत्पाद का अनुमान है। लेकिन जो विशेषज्ञों ने राय दी है, उससे यह साबित होता है कि 5.1 परसैन्ट रखने का लक्ष्य अंततः 5.5 प्रतिशत रह सकता है। यह विशेषज्ञों का अनुमान है। जहां तक सरकार का वास्तविक खर्च है, वह नौ हजार करोड़ के स्तर तक सीमित रहा है। लेकिन अनुमान से ज्यादा खर्च करने पर संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इसलिए सरकार उसे संसद में लेकर आती है। मैं अभी देख रहा था कि जो सप्लीमेन्ट्री ग्रांट माननीय वित्त मंत्री जी लेकर आये हैं, उसमें जो तकनीकी मांगें हैं, उस पर 26 हजार करोड़ की धनराशि आपने रखी है और अतिरिक्त खर्च 9016.06 करोड़ रुपये है और उसी के अंतर्गत विभिन्न विभागों के बारे में जो विस्तार से कहा गया है कि एफसीआई ने 35 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग की है। इसकी जरूरत भी है और समय-समय पर हम लोगों ने इस पर विस्तार से चर्चा भी की है। एफसीआई के बारे में भी अगर विस्तार से चर्चा की जाए तो बहुत वक्त लग जायेगा। लेकिन जिस हिसाब से उनकी मांग है, उसके अनुरूप हमें उसकी व्यवस्था करनी पड़ेगी। खासकर जो राज्य सरकारें हैं, उनसे भी इसमें सहयोग लेने की जरूरत है। पैट्रोलियम पदार्थों की सब्सिडी भी एक तरह से सरकार को हमेशा परेशान करती है, क्योंकि यह फ्लक्चुएट करता रहता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में देखा जाए तो 95 डालर प्रति बैरल कच्चे तेल का अनुमान सरकार लगा रही है। लेकिन यह फ्लक्चुएट करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार के भाव के अनुसार ही तेल के दाम घटते-बढ़ते रहते हैं। सरकार यह कहेगी कि पहले हम तय करते थे, अब कंपनियां तय करती हैं। लेकिन इसका सीधा बोझ जनता के ऊपर आता है। इसलिए सरकार को देखना होगा कि हमारे उद्योग जगत के कर्ज की मांग भी नहीं हो पायेगी, इस ओर भी हमें देखना पड़ेगा कि जो हमारे उद्योगों के कर्ज हैं, उनकी मांग पर हम कितना ध्यान दे पाते हैं। आज भी ऐसे बहुत से उद्योग हैं, जो शुरू में बड़ा अच्छा प्रोडक्शन देते हैं, लेकिन बाद में वे बिल्कुल सिक होकर बंद हो जाते हैं। आज बहुत सी ऐसी मिलें हैं, अभी जूट की बात कर रहे थे, लेकिन कपड़ा मिलें, जूट मिलें और तमाम ऐसी मिलें हैं, जो आज बंद की हालत में हैं। कानपुर में 14-15 मिलें बंद हैं। मैं समझता हूं कि आज उनकी तरफ भी सरकार को ध्यान देना पड़ेगा।

दूसरा आपने इसमें एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया है कि जो हमारे यहां गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोग हैं, बीपीएल के सर्वे पर आपने 2300 करोड़ रुपये रखे हैं। अभी कल ही जब महंगाई पर बहस हो रही थी तो यह बात सामने आई कि अनुमानतः अगर देखा जाए तो जो तमाम रिपोर्ट्स आई हैं, उनके अनुसार करीब 35, 40 या 65 मेरे ख्याल से इस वक्त बीपीएल 70 परसैन्ट से कम नहीं है और उसमें पांच करोड़ लोग ज्यादा बढ़े हैं, वर्तमान में जो हमारा अनुमान था, कल बहस में बताया गया कि पांच करोड़ बीपीएल ज्यादा है। अब यह देखना पड़ेगा कि इससे हमारा सही मायने में सर्वे हो सकता है या नहीं। कल हमने बहस में यह भी कहा था कि बीपीएल लोगों की जो सूची है, उसके लिए जिस प्रकार से देश स्तर पर जनगणना कराई जाती है।

उसी प्रकार से आपको शहर और देहात की जनगणना करानी पड़ेगी। सांसद निधि में 2375 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। प्रति सदस्य सांसद निधि को दो से पांच करोड़ रूपये किया गया है। लेकिन मेरे ख्याल से अभी तक वह गया नहीं है। अभी कैबिनेट ने उसको पास किया है, अभी वह राशि रीलीज़ नहीं हुई है। जहां से

I would like to refer to one event in our country. The hon. Member Shri K.S. Rao might be knowing better that in the East Godavari and West Godavari districts of Andhra Pradesh, farmers have declared crop holiday this year on more than one lakh five thousand acres of land. We have heard about the tax holiday. But this is the first time that it is appearing in the national scene that farmers are declaring crop holidays not in small area but in 1.5 lakh acres of land. This is a point of very deep concern. What is the Government thinking about that? Do they send their messages like that – 'do not see your home but see the world'? This is the attitude. I am very much against this sort of attitude. I think the Government would think properly. Though this is not a full Budget, yet the idea of the Government, the idea of the new liberalization is very much reflected in this Supplementary Demands for Grants. I would, therefore, oppose it. I thank you for giving me this opportunity.

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL (BHATINDA): Sir, I would not take too much time. I just have a few points to make. While I support this Supplementary Demands for Grants, I feel that there are certain things which need to be addressed and given more importance and more grants than what has been allocated to them.

The first point that I would like to make is regarding the water systems of our country because we are talking about the Food Security Bill that is coming in. The first security required to produce food is water. So, first we need to talk about the water security. When we talk about water security, we have to talk about the state of the water systems in the States that produce most of the food for our country. The State of Punjab produces almost sixty per cent of the grains that feeds the nation. I think, it has been brought to the notice of this House; I have myself spoken about it many times that we have an irrigation system which is 150 years old. Due to this old system, there is almost a loss of 18 per cent in the canals and due to the water channels not being *pucca* but being *kachcha* there is another loss of fifteen per cent. So, there is almost 33 per cent lossage of water due to an old irrigation system in a State that produces sixty per cent of food grains of our nation. This should be a reason for concern for this Government. Surprisingly, forget about the concern, what shocks me is that the Government does not seem to take any notice of the fact that precious water is being lost and the Government of India Water Board in its report says that in another 12 years, the way the water table in Punjab is going down, the State is going to be a dry State.

Now, the Government gives solutions; for example, there is AIBP, which the Government gives for the whole country to revamp the canal irrigation system. But then its norms are such that only when the entire money which is given to revamp or rehabilitate one canal is utilized 100 per cent, the money for the next canal is given. In a State like Punjab where we have three cropping cycles, and the canal work can only be stopped for a maximum of two months in a year – because for the rest of the year, the canals are used for irrigating so many crops – then, it takes at least six years to complete the work of one canal. We have seven canals; and going by this average figure, it would take at least 24 years before all the canals get done.

The Water Board says that in 12 years, Punjab will be dry. If Punjab is dry and does not produce 60 per cent of the food grains, who is going to feed the nation and how is the food security going to come? I am very much surprised at the way the Government distributes the grants because I understand that the Ministry of Water Resources has set aside only Rs.1 crore. I would like to bring to the notice of the Government the urgency of having to give sufficient allocation of funds in such a way that it is beneficial to the nation and to the States, and they must look at it seriously.

The second point that I would like to come to is storage space, which is a very serious situation in our country. The Government itself says that for the last three years, since the procurement has been high, all the storage space is full. In fact, there is shortage of storage space. If I speak about my own State, the State of Punjab, as of today, we have got 200 lakh tonnes of grain lying and we have only approximately 190 lakh tonnes of storage space. That means, a lot of it is already lying, besides the open storage spaces, in unscientific storage spaces. Again, we are only six weeks away from the new crop to come in, which is going to be the new crop of rice. So, there is going to be zero per cent of storage space in the State of Punjab. When we speak to the Government, it says that the storage space in the consuming States is full as well. So, we have no place to move them.

So, on the one side, there are 7,000 people dying of hunger and 20 crore people sleep hungry in our country every night, on the other side, there is grain rotting in my State and what is this Government doing? What have they allocated in the Budget? It is Rs.40 crore for creation of new storage space. If I look at the details given, it says that in our country, as of 1st July 2010, total stock position of grain was 578 lakh tonnes, and the minimum buffer stock required is 319 lakh tonnes. This means, as of 1st July 2010, the Government had an excess of almost 259 lakh tonnes and to store this excess stock, the cost that the Government was spending per day was Rs.27 crore. This is almost Rs.10,000 crore per annum. So, the Government is spending Rs.10,000 crore per annum to store extra food grains, but they are only spending Rs.40 crore for the creation of new storage space, when 20 crore people sleep hungry and 7,000 people die every day of hunger. I do not understand the allocation of its Budget. It has to take some serious notice of it.

There is only a movement of 12 lakh tonnes per month from my State to other consuming States; they need to get more rails and rakes to move this to the States which need the food grains so that they are not wasted.

The third point which the whole nation needs to think seriously about is the rising incidence of cancer in our country. According to WHO, India is fast becoming the cancer capital of the world; I think, my constituency, Bhatinda, is probably becoming its epicentre. I do not know whether you have seen this newspaper report. The report says that there is a train called 'Cancer Express' which goes from my constituency to Bikaner, which is just full of cancer patients. In a State which has such high cancer incidence, when I go to my constituency, in every village, I have at least 4-5 people with various forms of cancer coming to me.

I would request the Government to consider this. The studies have shown that there are high levels of pesticides found in the milk of nursing mothers and there is uranium and others found in the hair samples of children; PGI, Chandigarh has shown that women are suffering the maximum because of cervical and breast cancer; I would request the Government to put aside an allocation for this purpose. They have started a cancer programme. That fund should be given to the poor people who cannot afford the expensive cancer treatment and they should also give free vaccines for this. Only cervical cancer can be cured by vaccines. From the Ministry of Health and Family Welfare or from the Ministry of Women and Child Development, this vaccine should be given free of cost. A team of experts should study the reason as to why there are so many cancer cases which are rising in this area.

In the end, I would like to say that under NREGA we can do certain things which can transform the lives of the people. In rural areas poor people have no toilet facilities in their houses. Under NREGA if we could construct latrines for the poor people, it would transform the lives of the women who have to go across the village to meet their basic daily needs. So, I would request for construction of latrines under NREGA.

If for the farmers the water channels can be made *pucca* under NREGA, it would be of immense help to them. This is an infrastructure which would help to uplift the real needy people.

Lastly, Sir, since the Minister is sitting here – if I may get your attention for a minute – I have requested him many a time that in our country there is such a shortage of gas agencies in the rural areas that so much of black money is being spent on this count. In my constituency, which has a population of 5 lakh people, there are only 19 gas agencies. So, the average black money spent per gas cylinder is Rs.600. You can imagine how the people are suffering because of this. Why can the Government not give more gas agencies so that the common man is spared of having to do with the black money?

डॉ. संजीव गणेश नाईक (ठाणे): सभापति महोदय, मैं वर्ष 2011-2012 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर चर्चा करने और उसके समर्थन में यहां बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। चूंकि मैं देख रहा हूं कि अभी तीन-चार सदस्यों ने इस पर ऑब्जैक्शन किया है, आपने समर्थन दिया है, ...(व्यवधान) अच्छी बात है, आपने अच्छे सुझाव दिये हैं। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि सरकार ने पूरी कोशिश की है, इस देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिस तरीके से हम मांग रख रहे हैं और सदन के करीब 550 सदस्यों की मांग पूरी करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं दूबे जी, आपके जितना तो बोल नहीं पा रहा हूं, लेकिन कोशिश कर रहा हूं। आज 2011 का सैन्सज आया है, उसमें हमने देखा कि देश की आबादी आज शहरों में जाकर बस रही है। ये लोग पूरे देश से आ रहे हैं और इस कारण शहरों की समस्याएं

बढ़ रही हैं। मैं श्री जयपाल रेड्डी साहब से कहना चाहूंगा, भले ही वह आज पैट्रोलियम मिनिस्टर हैं, लेकिन दो साल उन्होंने देश के शहरों के बारे में स्टडी की है। मैं खासकर जेएनएनयूआरएम के बारे में बताना चाहता हूं कि पिछले आठ सालों से यह स्कीम चल रही है। हम पिछले दो सालों से सदन में इस बात को बार-बार उठा रहे हैं कि इस स्कीम को हमें आगे बढ़ाना पड़ेगा। अर्बन डैवलपमैन्ट की स्टैंडिंग कमेटी के बहुत से माननीय सदस्यों की मांग है कि इस स्कीम को हमें आगे लेकर जाना पड़ेगा। क्योंकि दो सालों से हम देख रहे हैं कि बहुत से राज्यों के पास पैसा अभी भी बाकी है, कुछ कारणवश वे उस पैसे को खर्च नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है, वहां जो एलोकेशन दिया गया था, जितनी भी राशि उसे दी गई थी, वह पूरी खत्म हो चुकी है और ऐसे और भी प्रकल्प हैं, जिनके बारे में वहां मांग है कि ये प्रकल्प पूरे होने चाहिए। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करूंगा कि यदि इस स्कीम को आगे बढ़ायेंगे तो जो मांगें हम सदन में रखेंगे, उन्हें यदि सदन में पेश किया जाएगा तो उन्हें मंजूरी मिल जायेगी। लेकिन दो साल से हम इस बात को रख रहे हैं। मैं सरकार से विनती करूंगा, फाइनैन्स कमीशन के पास हमने इस बात को रखा है, अगर सदन का अच्छा दबाव रहेगा तो शहरों के बारे में आगे आने वाले समय में यदि कोई अच्छा प्रावधान किया जायेगा तो जो छोटे-छोटे शहर हैं, आज वे बड़े हो रहे हैं, इसलिए इन शहरों के बारे में ध्यान देने की आवश्यकता है।

मैं अंतिम बात यह रखना चाहूंगा कि इस सरकार ने एमपीलैड का पैसा दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये किया है। मेरे ख्याल से कोई सदस्य कह रहे थे कि इसे दस करोड़ किया जाए, कोई कह रहे थे कि इसे 15 करोड़ किया जाए। लेकिन सरकार ने इसे बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये किया है, उसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद करता हूं। लेकिन इसमें हमें एक छोटी सी तकलीफ हो रही है। जब हम कोई भी कम अपने गांव, खेडे में करते हैं तो उसके लिए 25 लाख रुपये तक की लिमिट है। मुम्बई जैसे शहर में हमें यह तकलीफ हो रही है कि यदि हम कोई भी काम करते हैं तो पांच सौ मीटर के काम में ही 25 लाख रुपये खत्म हो जाते हैं। इसलिए हम काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए हमारी सरकार से विनती है कि दो करोड़ रुपये में 25 लाख रुपये की लिमिट थी, लेकिन अब जब आप पांच करोड़ रुपये एमपीलैड में दे रहे हैं तो इस लिमिट को बढ़ाकर कम से कम एक करोड़ रुपये किया जाए, ताकि बहुत से सांसद अपने क्षेत्र में अच्छा काम कर पायें।

आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति जी, महोदय, मैं बहुत उत्साहित हूँ कि आप आसन पर हैं। महोदय, सरकार की पूरक मांगो को हमने सरसरी निगाहों से देखा है। सरकार को मैं धन्यवाद करूंगा कि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती और स्वामी विवेकानन्द की 150वीं जयंती के लिए दस करोड़ और फिर पांच करोड़ रूपये की मंजूरी लाई है। लेकिन मुझे एक संदेह हो रहा है कि शुरू के पृष्ठ में गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के लिए दस करोड़ रूपये, स्वामी विवेकानन्द की 150वीं जयंती के समारोह के संबंध में व्यय की पूर्ति के लिए सामान्य सहायता हेतु पांच करोड़ रूपये देने के लिए लिखा है। पृष्ठ आठ में राज्य सरकारों को निम्नलिखित के संबंध में सामान्य सहायता हेतु गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती के स्मरणोत्सव हेतु आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए पांच करोड़ रूपये रखे हैं। हमको कन्फ्यूज़न हो रहा है कि एक जगह दस करोड़ रूपये हैं और दूसरी जगह पांच करोड़ रूपये है। यदि यह राशि अलग अलग-अलग है तो बहुत बढ़िया है क्योंकि यह पंद्रह करोड़ है, नहीं तो कुछ कन्फ्यूज़न है।

सभापति महोदयः रघुवंश बाबू, जो पांच करोड़ रूपये है, उसमें कुछ और लिखा हुआ है।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : इस बात को सरकार साफ करे। अगर यह राशि पन्द्रह करोड़ रूपये है तो इसके लिए हम सरकार को और ज्यादा धन्यवाद देंगे। लेकिन कहीं दस करोड़ रूपये है, कहीं पांच करोड़ रूपये है। सही क्या है? इस बात को सरकार स्पष्ट करे। यह उन्हीं का कागज है, सरकार को यह साफ करना चाहिए कि इसकी असलियत क्या है? हम सरकार से जानना चाहेंगे कि वे पन्द्रह करोड़ रूपये तो खर्च कर रहे हैं लेकिन राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर न्यास ने देश के कम से कम सौ जगहों पर समारोह करने की योजना है, क्या वह मालूम है? विट्ठल भाई पटेल भवन में, मुम्बई में बिरजू महाराज के साथ गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती मनाई गई। मैं जानना चाहता हूँ कि यह सरकार को मालूम है कि नहीं। देश-विदेश में लोग गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती मना रहे हैं। विवेकानन्द जी की जयंती भी मनाई जाएगी। उनकी जयंती के लिए दस करोड़ रूपये हैं तो इनकी जयंती के लिए पांच करोड़ रूपये क्यों हैं। इसपर कोई सवाल उठा सकता है। महोदय, डॉ. राममनोहर लोहिया की 100वीं जयंती के लिए पचास सांसदों ने लिखकर दिया कि उनकी जयंती पर सरकार शानदार ढंग से समारोह मनाए। लेकिन उसको फाईल में दबा कर रख दिया। महान लोगों के प्रति और उनको स्मरण करने के प्रति इनका मापदण्ड क्या है? भोपाल सिंह नेपाली के लिए हमने लिखा-पढ़ी की। आप उनकी कविताओं में बहुत रूचि रखते हैं। उनकी बहुत सी कविताएं आपकी जुबान पर होंगी।

सभापति महोदयः रघुवंश जी, जिस समय चीन ने हमारे देश पर हमला किया था, उस समय हम लोग विद्यार्थी थे। उस समय गोपाल सिंह नेपाली की कविता थी कि - गंगा के किनारों को शिवालय ने पुकारा, चालीस करोड़ को हिमालय ने पुकारा।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : मैं पूछना चाहता हूँ कि उनकी 100वीं जयंती क्यों नहीं मनाई जाती। हमने लिखा-पढ़ी की, राज्य सरकार को भी लिखा। महोदय, इतना ही नहीं गोपाल सिंह नेपाली ने कहा कि - दिन गए, बरस गए, यातना गई नहीं। रोटियां गरीब की प्रार्थना बनी रही। श्याम की बंसी बजी, राम का धनुष चढ़ा। बुद्ध का भी ज्ञान बढ़ा, निर्धनता गई नहीं। करोड़ों गरीबों की आज की जुबान जिसकी कविता में निकलती है, उसकी जयंती नहीं मनाई गई। उनकी 100वीं जयन्ती भी सरकार को याद नहीं है। ऐसा क्यों हुआ, महोदय यह भी उन्हीं की कविता में है। पत्ता को पतझड़ ने लूटा, फूलों को बहारों ने लूटा, नयी-नवेली दुल्हन को नौ लाख सितारों ने लूटा, बदनाम रहे बटमार मगर घर को रखवालों ने लूटा, घर को रखवालों ने लूटा। यह गोपाल सिंह नेपाली की कविता है, जो अभी चरितार्थ हो रही है। यह क्या हो रहा है, क्यों नहीं उनकी 100वीं जयन्ती मनायी गयी? हमने लिखा-पढ़ी की, लेकिन क्यों नहीं उनकी जयन्ती मनायी गयी। इसका क्या मापदंड है?

सभापति महोदय : रघुवंश जी, रामधारी सिंह दिनकर जी के लिए भी लिखा-पढ़ी की गयी।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : रामधारी सिंह दिनकर जी की 100वीं जयन्ती से हम आगे बढ़ गये हैं, लेकिन यहां राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर का न्यास है।

महोदय, आप जानते हैं कि गुरू रविन्द्र नाथ टैगोर और रामधारी सिंह दिनकर जी दोनों का कितना नजदीकी सानिध्य था। गुरूदेव रविन्द्र नाथ जब मुज्जफरपुर आये थे, उनकी कविता और यह सब इतिहास में है। महोदय, आप फिर टोकने लगेंगे, इसलिए मैं अपनी बात पूरी कर लेता हूं। हम सरकार से जानना चाहते हैं महापुरूषों और शहीदों की जयन्तियों के लिए इनका क्या मापदंड हैं? बैकुंठ नाथ शुक्ल शहीद हो गये, वे सरदार भगत सिंह के सहयोगी थे। उनके चाचा जोगेन्द्र शुक्ल को काला पानी की सजा हुई। जुबा साहनी शहीद हो गये, आजादी की लड़ाई में वे फांसी पर चढ़ गये। भारत सरकार ने क्या किया? क्या शहीदों की सूची में उन लोगों का नाम भी है? देश की आजादी के लिए हमारे जिन शहीदों ने अपना बलिदान और कुर्बानी दी है, उन्हें इस तरह से भुलाया जायेगा तो यह जनता और इतिहास माफ नहीं करेगा। हम इन सभी सवालों को उठाते हैं।

सभापति महोदय : अब आप जल्दी अपनी बात समाप्त कीजिये।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, अभी तो एक ही बिन्दु हुआ है।

सभापति महोदय : एक बिन्दु विस्तार से हो गया है।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, दूसरा बिन्दु यह है कि इन्होंने आंगनबाडी सहायिका और सेविका का मानदेय बढ़ाया है, इसके लिए हम इन्हें धन्यवाद देते हैं। 1500 रूपये को इन्होंने बढ़ाकर 3000 रूपये किया है और 750 रूपये को बढ़ाकर 1500 रूपये कर दिया है। देश में आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी सेविका की संख्या करीब 28 लाख होगी। उनके लिए तो प्रस्ताव आ गया, लेकिन आशा को सरकार ने निराश क्यों किया? आशा बहनों की संख्या भी देश में आठ लाख के करीब है। हजार की आबादी पर एक है, माननीय सदस्यगण इस बारे में जानते होंगे। उसके लिए कोई रैमुनरेशन ही नहीं है। एक-दो जगह उसे कहीं अपने इलाके में प्रूनेंसी वाला काम मिल गया तो शायद दस, पचास मिल जाये, लेकिन उनके लिए कोई रैमुनरेशन नहीं है। आशा को क्या कोई जानता है, क्या सरकार के लोग जवाब दे सकते हैं, मैं कैटेगरीकली सवाल पूछना चाहता हूं। आंगनबाड़ी के लिए तो प्रस्ताव आ गया, लेकिन आशा के लिए क्यों नहीं हुआ? क्या इसके लिए बजट बढ़ाना है, नेशनल रूरल हैल्थ मिशन की संचालन समिति ने प्रस्ताव पारित किया था कि कम से कम 500 रूपये महीने उन्हें भत्ता मिलना चाहिए। वित्त विभाग ने उसे क्यों रोका? यह मैं कैटेगरीकल सवाल पूछता हूं। क्या उसमें बजट बढ़ाना था, क्या उसमें सप्लीमेंट्री बजट लाना था? जब संचालन समिति ने पास किया तो वित्त विभाग उसे रोकने वाला कौन होता है। इसे क्यों रोका, मैं सरकार से यह जवाब चाहता हूं?

महोदय, देश में आशा बहनों की संख्या आठ लाख है। जो स्वास्थ्य का काम, परिवार कल्याण का काम, गरीब लोगों आदि के इलाज का काम करती हैं। सरकार ने आशा को निराशा क्यों किया? सरकार इसका जवाब दे। संचालन समिति ने पारित किया तो वित्त विभाग ने उसे क्यों रोका? उसका सप्लीमेंट्री बजट यहां क्यों पास किया जाये?

16.59 hrs.

(Shri Satpal Maharaj *in the Chair*)

इस तरह से भेदभाव के साथ सप्लीमेंट्री बजट आयेगा तो कैसे सदन इसे पास करेगा। यह मेरा सवाल नम्बर दो है, सरकार इसका जवाब दे।

महोदय, मेरा सवाल नम्बर तीन एम्स के बारे में है। यहां जो एम्स अस्पताल है, उसमें कुव्यवस्था क्यों है? एम्स देश, दुनिया में नामी अस्पताल है।

सभापति महोदय : अब आप समाप्त कीजिये।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): महोदय, मैं बिन्दु पर आ गया हूं। एम्स में बड़े लोग जुटते हैं। माननीय सदस्य जानते होंगे कि बिहार के लोग ज्यादा होते हैं। कोई भी माननीय सदस्य बतायें जिनके यहां चार, पांच बीमारी के मरीज न आ रहे हों।

17.00 hrs.

पटना में बोलते हैं, मुजफ्फरनगर में बोलते हैं कि कैन्सर है, दिल्ली जाइए। ट्यूमर की समस्या है तो दिल्ली जाइए, हर्ट की समस्या है तो दिल्ली जाइए, वाल्व खराब है तो दिल्ली जाइए। यहाँ लड़खड़ाते हुए आते हैं और लगता है कि दो-चार दिन में मर जाएँगे तो यहाँ कहते हैं कि 2012 में आइए, 2013 में आइए। दर-दर की ठोकर उसको खानी पड़ती है, विपत्ति पर विपत्ति आती रहती है। गरीब आदमी पहले ही बीमारी से तबाह होते हैं, उस पर चार आदमी साथ आते हैं, उनका आने-जाने का खर्चा देना पड़ता है, वे रहेंगे कहाँ। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप समाप्त कीजिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, हमने सुना है कि नए एम्स खुल रहे हैं। इनको खुलने में कितने वर्ष लगेंगे? फिर मेडिकल कालेज और अस्पतालों के अपग्रेडेशन की बात थी। लेकिन बिहार में अभी तक एक भी नहीं हुआ। अन्य राज्यों में भी कुछ नहीं हो रहा है। इससे दिल्ली में एम्स में भीड़ बढ़ेगी। भीड़ बढ़ रही है, लोग दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। मुजफ्फरपुर मैडिकल कालेज और अस्पताल, दरभंगा मैडिकल कालेज और अस्पताल, भागलपुर मैडिकल कालेज और अस्पताल, गया-मगध मैडिकल कालेज और अस्पताल, एस.आई.जी.एस. पटना - इन पाँचों मेडिकल कालेज और अस्पतालों का अपग्रेडेशन एम्स के रूप में होना चाहिए। क्यों बजट में प्रावधान नहीं हुआ? सप्लीमैंट्री बजट में योजना आयोग ने दो अस्पतालों का क्लियरैन्स दे दिया है। क्यों बजट नहीं आया, क्यों उपेक्षा हो रही है? इन पांचों अस्पतालों की अन्य माननीय सदस्यगण के इलाकों में भी ज़रूरत है क्योंकि बहुत से लोग वहाँ से यहाँ दिल्ली एम्स में आते हैं और यहाँ ठोकर खाते हैं, उनकी दुर्दशा होती है।

सभापति महोदय : अब संक्षिप्त कीजिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, फिर सड़कों के फोरलेन करने की बात है। जब श्री बालू मंत्री थे, उस समय बिहार में 900 किलोमीटर तक फोरलेन की बात मंज़ूर की थी। सरकार ने उसको काट दिया। पटना से पूर्णिया - काट दिया, कहा कि खगड़िया तक ही करेंगे। मैं चुनौती देता हूँ कैटागरीकली, खगड़िया से पूर्णिया, मुजफ्फरपुर से बरौनी तक को भी देखा जाए। उसके ट्रैफिक की गणना की जाए कि वह फोरलेन डिज़र्व करता है या नहीं। फिर पटना से बोध गया, पटना से बड़ही, बड़ही से रांची फोरलेन है और बीच में टूलेन - यह कैसे होगा? देश में बड़ी भारी समस्या ट्रैफिक जाम की है। आप देखें कि आरा से मलीहाबाद और मोहनिया फोरलेन

डिज़र्व करता है या नहीं। मैं सरकार को चुनौती देता हूँ कि छानबीन करो और देखो कि वह होने लायक है या नहीं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप समाप्त करें। नारनभाई कछाड़िया जी, आप बोलें।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : देश में यह बहुत बड़ी समस्या है। आप देखिये ब्लाक मुख्यालय हो, जिला मुख्यालय हो, कोई शहर हो, सब जगह जाम लगा रहता है। किसी का जहाज छूट जाता है, किसी की गाड़ी छूट जाती है और लोगों का नुकसान होता है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप बैठ जाइए। आपने अपनी बात कह दी है।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : फोर लेन में इस तरह से चुनकर काम कर रहे हैं। जहाँ ज़रूरत नहीं है, वहाँ फोरलेन कर रहे हैं और जहाँ वाजिब है, वहाँ फोरलेन नहीं कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

महोदय, देश में गरीबी क्यों है? इसलिए है क्योंकि बेरोज़गारी है। दुनिया के सभी समाजशास्त्री और अर्थशास्त्री कहते हैं कि बेरोज़गारी है इसलिए गरीबी है। बेरोज़गारी खत्म होगी तो गरीबी खत्म हो जाएगी। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कछाड़िया जी, आप शुरू करें। अब इनकी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

(Interruptions) â€¦

सभापति महोदय : आपने बात कह दी है।

â€¦(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, बेरोज़गारी हटे बिना गरीबी हटेगी नहीं और तब तक देश का भला होने वाला नहीं है। ...(व्यवधान)

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): सभापति महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहूंगा। महोदय, इस महंगाई से आज पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है और यह सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त होकर सत्ता का मजा ले रही है।

महोदय, जब यह यूपीए-2 की सरकार आई, उसी समय सेंट्रल हॉल में पहली बार हमारे महामहिम राष्ट्रपति जी ने यही कहा था कि यह सरकार 100 दिनों में महंगाई पर काबू पा लेगी। लेकिन आज मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज 700 से अधिक दिन हुए, फिर भी इस देश की महंगाई पर इस सरकार ने कोई काबू नहीं किया और दिन-प्रतिदिन गरीबी बढ़ती ही जा रही है और गरीब भी बढ़ते जा रहे हैं।

महोदय, आज हर चीज के दाम बढ़ते जा रहे हैं और गरीब आदमी अपने प्रतिदिन की चीजें जो लेना चाहता है, वह चीज आज दिन-प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। जैसे कि रसोई गैस, केरोसिन, तेल, दाल, चावल, आटा और हरी सब्जी इत्यादि हर चीज के दाम बढ़ते जा रहे हैं। आज मैं कहूं कि एक किलो दाल का 70 रूपए से 80 रूपए, शक्कर 40 रूपए से 45 रूपए, आटे का 20 रूपए से 25 रूपए, दूध का 30 रूपए से 35 रूपए का भाव है और रसोई गैस का दाम 400 रूपए से अधिक है । आज की महंगाई में कोई गरीब आदमी अच्छी तरह की सब्जी और दाल भी नहीं खा सकता। केन्द्र में बैठी यूपीए सरकार की सारी नीतियां फेल हो चुकी हैं और सरकार इस महंगाई पर कोई कंट्रोल नहीं कर रही है। यह सरकार तरह-तरह की पैंतरेबाजी कर रही है और इसे ग्रोथ रेट बताकर जनता के साथ राजनीति कर रही है। मैं यह बताना चाहता हूं कि बीजेपी की सरकार में 5.8 प्रतिशत ग्रोथ रेट था और आज 8.1 प्रतिशत है। उससे जनता को क्या फायदा है? इससे गरीब लोगों को क्या फायदा है? गरीब जनता चाहती है कि उसके पेट के लिए दो वक्त की रोटी मिले। उसको ग्रोथ रेट से कुछ लेना-देना नहीं है।

सभापति महोदय, यह सरकार जनता के साथ और आम आदमी के साथ जो खिलवाड़ कर रही है, उसके ऊपर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि आज जनता भुखमरी की ओर लगभग बढ़ती जा रही है। महोदय, अभी तक हाउस में महंगाई पर बारहवीं बार चर्चा हो रही है, लेकिन जनता को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। गरीब को इसका कोई फायदा नहीं मिल रहा है। इस तरह से जनता को फायदा तो नहीं मिला लेकिन सरकार महंगाई के ऊपर कोई ठोस कदम भी नहीं उठा पायी है और वह इस महंगाई को रोकने में पूरी तरह फेल हो गयी है।

महोदया, आज मैं केन्द्र सरकार से यह आग्रह करना चाहूंगा कि उत्पादन से संबंधित वस्तुओं की कीमतों में सब्सिडी दे और कृषि को बढ़ावा दे। हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है और कृषि में जो उत्पादन होता है उसे बढ़ावा देना चाहिए। उसमें सब्सिडी देनी चाहिए। जब कृषि उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा तब इस देश में महंगाई कम होगी, यह मैं दावे और विश्वास के साथ कह सकता हूं। कृषि उपादन बढ़ेगा तो ये गरीबी अपने आप कम होगी। मुद्रा स्फीति के दर को कम करके महंगाई पर काबू पाया जा सकता है।

डॉ. भोला सिंह (नवादा): व्यवस्था का प्रश्न यह है कि माननीय सदस्य आसन की तरफ इशारा करते हुए कहते हैं महोदया-महोदया। आप महोदय हैं, महोदया तो नहीं हैं और आप भी सुनते रहते हैं।

आपको भी अच्छा लगता है क्या?

सभापति महोदय : माननीय सदस्य, भूल सुधार कर लीजिए।

श्री नारनभाई कछाड़िया : सभापति जी, मैं आपका ध्यान आकर्षित करता हूं कि मुद्रास्फीति की दर को अगर कम किया जाये तो महंगाई पर काबू पाया जा सकता है और भ्रष्टाचार पर भी काबू पाया जा सकता है। महंगाई को नियंत्रण में लाने के लिए इस देश का कालाधन जो बाहर है, उसको यदि लाया जाये तो इस देश में महंगाई पर भी काबू पाया जा सकता है।

कल ही हमारे माननीय मंत्री श्रीमान् खुर्शीद साहब ने कहा था कि गुजरात में गरीबों की संख्या बढ़ी है। गुजरात में गरीबों की संख्या बढ़ी नहीं है, गुजरात में तो नरेन्द्र मोदी का शासन है, वहां गरीबों की संख्या बढ़ ही नहीं सकती। गुजरात में तो आज रोजगारी बढ़ी है, हर आदमी को काम मिल रहा है। गुजरात में शान्ति है, सलामती है, सुरक्षा है। आज पूरे देश में गुजरात का नाम शान से लिया जाता है और गुजरात में गरीबी नहीं बढ़ी है। आज पूरे देश में गरीबी बढ़ी है, लेकिन गुजरात में नहीं बढ़ी है। गुजरात में आज हर आदमी को काम मिल रहा है और मंत्री जी ने यह जो बयान दिया, यह गलत बयान दिया है।

सभापति महोदय: अब संक्षिप्त कीजिए, आपका समय पूरा हो गया।

श्री नारनभाई कछाड़िया : महोदय, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि यू.पी.ए. सरकार को महंगाई कम करने का उपाय करना चाहिए, लेकिन सरकार जनता को गुमराह करती है और महंगाई को कम करने की बजाय जनता को दूसरे देशों की महंगाई दिखा रही है। मैं आपके माध्यम से इस सरकार को जनता के साथ...(व्यवधान)

सभापति महोदय: आप जरा एक मिनट रुक जाइये।

श्री इन्दर सिंह नामधारी (चतरा): भोला सिंह जी ने कहा कि माननीय सदस्य बार-बार महोदया कह रहे हैं। मुझे ऐसा लगता है कि आसन में माननीय सदस्य को मीरा जी की झलक दिखती है, इसलिए महोदया बोल रहे हैं।

श्री नारनभाई कछाड़िया : मैं यह कहना चाहता हूं कि आपके माध्यम से यू.पी.ए. सरकार जनता को गुमराह करती है और जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं यू.पी.ए. सरकार को बार-बार यह चेतावनी देता हूं कि अभी यू.पी.ए. की गवर्नमेंट को दो साल से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन जिस दिन इस देश की जनता जाग जाएगी तो इस यू.पी.ए. गवर्नमेंट को दो घंटे की भी मुहत नहीं देगी, उसको डिजोल्व करना पड़ेगा, इसलिए इस देश की महंगाई को रोक ले, इस देश के गरीबों के सामने देखे और इस देश की गरीब जनता के साथ न्याय और नीति से चले।

इतना ही कहकर मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

इस साल के फरवरी महीने में हमारे वित्त मंत्री प्रणव बाबू ने लगभग 12 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था और 12 लाख करोड़ रुपये के बजट पर नौ हजार करोड़ रुपये की यह सप्लीमेंटरी डिमांड आज सदन में प्रस्तुत की गई हैं। मुख्य तौर पर जो सप्लीमेंटरी डिमांड है, वह उन विषयों से जुड़ी हुई हैं, जिसकी बार-बार यहां पर मांग होती रही है। इसमें लगभग 2370 करोड़ रुपये तो सांसदों की मांगों को पूरा करने के लिए आबंटित किया जा रहा है। पहले एम.पी.लैड. स्कीम में दो करोड़ रुपये हमें मिलता था और जब से नई लोक सभा बनी है, तब से लगातार दो करोड़ पांच करोड़ हो जाना चाहिए, इस प्रकार की मांग हो रही थी। अन्ततः जब बजट पास किया जा रहा था, बजट पास करते समय वित्त मंत्री महोदय ने सांसदों की इस मांग को स्वीकार किया और स्वीकार करने के बाद कैबिनेट ने इसको पास किया है और उसके बाद उसके लिए अतिरिक्त पैसे की व्यवस्था इसमें की जा रही है।

दूसरा जो महत्वपूर्ण आबंटन है, वह आंगनबाड़ी सेविकाओं और आंगनबाड़ी की हैल्पर्स के लिए है। लगभग 18 लाख के आसपास हमारे देश में आंगनबाड़ी सेविकाएं हैं। 1975 में यह बड़ी अनूठी स्कीम शुरू हुई। हमारे देश में दस लाख के आसपास आंगनबाड़ी सेंटर्स हैं, जो आने वाले दिनों में बढ़कर 16 लाख सेंटर्स हो सकते हैं। इस प्रकार से कहा जा रहा है। ऐसे में बार-बार डिमांड उठती थी, आंगनबाड़ी सेविकायें जब हमारे पास आती हैं, हमारे पास मांग करती हैं, सांसदों के पास जाती हैं, अलग-अलग मोर्चा और प्रदर्शन होते रहते हैं। वित्त मंत्री महोदय ने आंगनबाड़ी सेविकाओं का दुख-दर्द समझते हुए, उनका जो मानधन है, उनकी जो सेलरी है, उसे तीन हजार रूपए किया और हेल्पर्स का मानधन डेढ़ हजार रूपए किया। निश्चित तौर पर यह बहुत ही सराहनीय कदम था। हालांकि बार-बार विपक्ष ऐसा आरोप लगाता है कि यह सरकार बड़ी संवेदनहीन है और संवेदनशीलता के साथ काम नहीं करती, गरीब लोगों की तरफ ध्यान नहीं देती, जबकि एक बहुत बड़ा उदाहरण सामने है कि आंगनबाड़ी सेविकायें जो कि बहुत गरीबी और तकलीफ में रहने वाली महिलाओं और बच्चों की सेवा करने का काम करती हैं, उनका मानधन बहुत कम रहा है। मुझे यह भी बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि इससे पहले भी जब मानधन बढ़ा था, जब यह बढ़कर डेढ़ हजार और साढ़े सात सौ रूपए हुआ, तब भी हमारी सरकार थी और उस समय चिदंबरम साहब वित्त मंत्री हुआ करते थे, उन्होंने उसे बढ़ाकर डेढ़ हजार और साढ़े सात सौ रूपए किया। इसे फिर से आगे बढ़ाया गया है। निश्चित तौर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को इस बढ़ोत्तरी से बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

तीसरा आबंटन जो इस नौ हजार करोड़ रूपए में है, वह है, हाल के दिनों में दुनिया के अलग-अलग देशों में एक गृह युद्ध जैसी स्थिति पैदा हुयी, पूरी दुनिया में भारत के लगभग दो करोड़ के आसपास एनआरआईज रहते हैं, अप्रवासी भारतीय रहते हैं। जो वहां रहते हैं, वह हमेशा सुरक्षित रहते हैं, ऐसा नहीं है, लेकिन विशेषकर जब गृह युद्ध की स्थिति होती है, जब उन देशों में एक तबाही की स्थिति बन जाती है, तब ऐसे में वे सारे के सारे भारतीय हमारी तरफ, सरकार की तरफ या फिर उस देश में जो हमारे दूतावास होते हैं, जो उच्चायोग होते हैं, उनकी तरफ बहुत ध्यान से देखते हैं। पिछले दिनों जब मध्य-पूर्व में यमन और लीबिया में उत्पात मचा और वहां के लोगों ने सरकार के खिलाफ जो विद्रोह किया और विद्रोही वातावरण में हमारे भारतीय बहुत ही तकलीफ में थे। ऐसे में उनको वहां से इवैक्युएट करने के लिए हमारे दूतावास ने बहुत अच्छा काम किया और बहुत गंभीरतापूर्वक एक-एक भारतीय व्यक्ति को सही सलामत यहां लाने का काम किया। जो उस आपरेशन के पेंडिंग बिल्स हैं, इसमें कितना पैसा दिया जा रहा है, इसकी डिटेल नहीं आयी है, अगर मंत्री महोदय इसकी पूरी जानकारी दे सकें, तो बेहतर होगा।

क्लीन एनर्जी के कुछ प्रोजेक्ट्स हमें शुरू करने हैं। कुछ ऐसे प्रोजेक्ट्स के लिए, एक बेहतर पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए भारत में 1,066 करोड़ रूपए का एक अतिरिक्त आबंटन है। इस आबंटन का भी मैं समर्थन करता हूं। एक बहुत महत्वपूर्ण है जो बीपीएल की सूची से जुड़ा हुआ है कि हमारे देश में लोगों को पता ही नहीं है कि कितने गरीब हैं? प्लानिंग कमीशन के अलग-अलग तीन अर्थशास्त्रियों ने अलग-अलग रिपोर्ट दी, अलग-अलग जानकारी दी, अलग-अलग आंकड़े दिए। यह कहा जाता है कि आंकड़े कभी असत्य नहीं बोलते, लेकिन आंकड़े तरह-तरह के आ रहे हैं। ऐसे में निश्चित तौर पर यह जानना आवश्यक है कि पूरे देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग कितने हैं? चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो, दोनों क्षेत्रों में मानदंड अलग-अलग होने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी के निर्धारण का मानदंड अलग होना चाहिए और शहरी क्षेत्र में मानदंड अलग होना चाहिए। विशेषकर मध्य में बैठने वाले जो नेतागण हैं उन्होंने बार-बार मांग की कि कास्ट बेस्ड सेंशस होना चाहिए। एक लंबी जद्दोजहद के बाद इस मांग को सरकार ने माना है और दोनों प्रकार के सेंशस के लिए, कास्ट बेस्ड सेंशस और बीपीएल सेंशस करने के लिए कुल 2,300 करोड़ रूपए का एक फंड इसमें आ रहा है। निश्चित तौर पर यह बहुत अच्छा काम है। इसके लिए मैं सरकार का अभिनंदन करूंगा और मुझे

लगता है कि देश में जो पिछड़े वर्ग के लोग हैं, जो महसूस करते हैं कि उनका ख्याल नहीं रखा जा रहा है, उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, अब उनको इससे संतोष होगा। जल्दी से जनगणना का कामकाज पूरा होना चाहिए और पता चलना चाहिए कि हमारे देश में कितने गरीब हैं और जाति के आधार पर क्या वर्गीकरण हो रहा है, यह जानकारी निकलकर सामने आनी चाहिए।

आखिरी जो आबंटन है, वह बड़ा नहीं बल्कि छोटा आबंटन है, लेकिन वह महत्वपूर्ण आबंटन है। गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 15 करोड़ रूपए का विशेष प्रोवीजन इसमें किया गया है। निश्चित तौर पर गुरूदेव के ऊपर जितना बोला जाए, वह कम होगा। गुरूदेव के बारे में एक जानकारी आपके साथ शेयर करते हुए मुझे बड़ा गर्व होता है कि शायद दुनिया में वह अकेले ऐसे कवि हैं, जिनके दुनिया के दो देशों में राष्ट्रगीत गाए जाते हैं। एक हिन्दुस्तान में जन गण मन.. और दूसरा बांग्लादेश में गाया जाता है। मुझे यह जानकारी हमारे बंगाल के एक सांसद ने दी तो मुझे सचमुच गुरूदेव के ऊपर बड़ा गर्व हुआ। स्वामी विवेकानंद के बारे में सभी जानते हैं। मैं उनके बारे में यहां ज्यादा नहीं बोलना चाह रहा हूं। वे एक बहुत बड़े महापुरुष हैं। उनके ऊपर भी हमें बड़ा गर्व होता है। उनका जो योगदान रहा, उन्होंने हमारी हिन्दू वांग्मय संस्कृति का प्रचार-प्रसार पूरी दुनिया में किया जो जबरदस्त था। दोनों महापुरूषों की 150वीं जयंत के लिए विशेष समारोह आयोजित किए जा रहे हैं उसके लिए जो फंड का आवंटन है वह बेहतर है।

अनुपूरक मांगों में नाबार्ड का कैपिटल बेस बढ़ाने के लिए 1 हजार करोड़ रूपये दिए जा रहे हैं। नाबार्ड के माध्यम से रूरल क्रेडिट बढ़ा है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। मंत्री महोदय यहां बैठे हैं। मैं उनके सामने एक विचार रख रहा हूं। विचार के ऊपर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन नाबार्ड क्या करती है, हमारे यहां जो ग्रामीण क्षेत्र के बैंक हैं, कॉपरेटिव सेक्टर के जो बैंक हैं वह उन बैंकों को कर्ज देती है। वह कर्ज का इंटरेस्ट रेट शायद दो परसेंट के आसपास है। वह कर्ज वे बाद में किसानों को देते हैं।

सभापति महोदय : संक्षिप्त कीजिए।

श्री संजय निरुपम : मेरे पास अभी वक्त है। मैं अभी मुद्दों पर आता हूं।

सभापति महोदय ः आप संक्षिप्त कर दें।

श्री संजय निरुपम : नाबार्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में क्रेडिट की जो व्यवस्था है, उसमें मुझे बुनियादी तौर पर एक कमी दिखती है उसको दूर करने की कोशिश की जानी चाहिए। हम किसानों को कर्ज दे रहे हैं, नाबार्ड एवं नाबार्ड के ग्रामीण क्षेत्र के जो कॉपरेटिव बैंक्स हैं वे किसानों को कर्ज देते हैं। इससे इंटरेस्ट रेट बढ़ रहा है। क्या नाबार्ड डायरेक्ट किसानों को कर्ज दे सकता है? इससे किसानों का दो-तीन परसेंट इंटरेस्ट रेट बच सकता है। किसानों के ऊपर जो कर्ज बढ़ रहा है, उसमें कटौती करने में एक अच्छा योगदान हो सकता है।

इसके अतिरिक्त मैं एक-दो विषयों के ऊपर मंत्री महोदय का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। विशेषकर, शहरी क्षेत्रों में रहने वाला जो हमारा मध्यम वर्ग है, उस मध्यम वर्ग की तरफ मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। महंगाई को रोकने के लिए सभी ने अपनी-अपनी बातें कही है। महंगाई के ऊपर बहुत कुछ बोला भी जा सकता है। इसे रोकने के लिए सरकार बहुत कुछ कर रही है। जो कुछ सरकार कर रही है उससे पूरा विपक्ष सहमत हो या संतुष्ट हो, ऐसी अपेक्षा भी नहीं की जा सकती है। सच यह है कि सरकार की तरफ से बहुत कदम उठाए जा रहे हैं। जो कुछ कदम उठाए जा रहे हैं उनमें एक कदम ऐसा है जिससे मैं खूद बहुत संतुष्ट नहीं हूं। वह है आरबीआई की रेपो रेट और रिवर्स रेपो जिसे आप समय-समय पर रिवाइस करते रहते हैं। आरबीआई की जो पूरी मॉनिटरिंग पॉलिसी है, मुझे समझ में नही आती है। एक आर्थिक सिद्धांत के हिसाब से जब भी महंगाई बढ़ती है तो लिक्वीडिटी को कम करने के लिए, आप रेपो रेट एवं रिवर्स रेपो रेट बढ़ा देते हैं। वह पिछले एक साल में 4 परसेंट से बढ़कर 8 परसेंट हो गया। इसका असर होम लोन्स पर पड़ रहा है। शहर में रहने वाले लगभग साढ़े चार करोड़ मध्यम वर्ग के लोगों ने होम लोन ले रखे हैं। इसमें लगभग 70 हजार करोड़ बैंकों ने इंवेस्ट किया होगा। तकलीफ इसमें इतनी है कि जैसे ही रेपो रेट या रिवर्स रेपो रेट बढ़ता है, वैसे ही मध्यम वर्ग के लोगों के होम लोग का इंस्टॉलमेंट बढ़ जाता है। अचानक उनका अपना धरेलू बजट डिस्टर्ब हो जाता है। इसका क्या कारण है? इसका कारण यह है कि ज्यादातर बैंकों ने फ्लोटिंग रेट पर होम लोन दे रखा है। बैंक्स दो तरह के रेट पर होम लोन देते हैं, एक फ्लोटिंग रेट एवं दूसरा फिक्स रेट। फिक्स रेट तो फिक्स है। 11 परसेंट, 12 परसेंट या 13 परसेंट, अलग-अलग बैंकों के अलग-अलग फिक्स रेट हैं। हमारे मध्यम वर्गीय लोग फ्लोटिंग रेट पर होम लोन इसलिए लेते हैं कि शायद कल रेपो रेट कम होगा, इंटरेस्ट रेट कम होगा तो हमारे होम लोन की ब्याज दर कम होगी। लेकिन आमतौर पर ऐसा कभी होता नहीं है। मंत्री जी से मेरा निवेदन यह है कि आप एक ऐसी व्यवस्था करें जिससे बैंक फ्लोटिंग रेट पर होम लोन देना बंद कर दें । क्योंकि इस फ्लोटिंग रेट के आकर्षण में बड़े पैमाने पर मध्यम वर्ग के लोग फंसे हुए हैं। मैं तीन दिनों से इस विषय पर जीरो आवर में नोटिस दे रहा था लेकिन वह तीन दिनों से नहीं आ रहा है। आज सुबह-सुबह मैंने अखबार में पढ़ा कि आरबीआई ने एक कमेटी बनाई थी, दामोदरण कमेटी जो कभी सेबी के चेयरमैन हुआ करते थे उनकी देखरेख में एक कमेटी बनाई थी उस कमेटी ने रिपोर्ट दी है कि फिक्स रेट और फ्लोटिंग रेट का पूरा विवाद खत्म होना चाहिए। इसे शिफ्ट करने का एक परमिशन आना चाहिए। मानलीजीए कि मैंने फ्लोटिंग रेट पर होम लोन ले रखा है और अचानक महसूस करता हूं कि मुझे फिक्स रेट पर होम लोन करवाना चाहिए तो इसे बैंकों को एलाऊ करना चाहिए।

मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि वे बैंकों को निर्देश दें कि मध्यम वर्गीय लोगों के बीच फ्लोटिंग रेट का जो छलावा है, उसे बंद किया जाना चाहिए, क्योंकि अचानक महंगाई पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए, इनफ्लेशन रोकने के लिए आरबीआई इस तरह के जो कदम उठाती है, उसका सीधा असर महंगाई घटने के बजाए आम आदमी के ऊपर पड़ रहा है, मध्यम वर्गीय परिवार के ऊपर पड़ रहा है। उस मध्यम वर्गीय परिवार के दुख को समझना बहुत आवश्यक है, मैं मंत्री महोदय से यह अपेक्षा करता हूं।...(<u>व्यवधान</u>)

मेरे पास और भी बातें कहने के लिए हैं, लेकिन आप घंटी बजा रहे हैं तो मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, those who want to lay their written speeches on the Table of the House, they can do so. It will be treated as part of the proceedings.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER (PONNANI): I stand here to support the Supplementary Demands for Grants. In respect of the financial position of our country, different viewpoints were expressed here. But one thing is sure that the whole world admits that India is marching ahead as the third largest economy of the world, after the US and China. We can be proud of it. Similarly, our economic policies such as trade liberalization, financial liberalization, tax reforms, and Direct Foreign Investment, PPP, and other programmes were discussed thoroughly. In the initial stages they were really objected and there was a lot of criticism on that. From experience we can say that the financial reforms took place in India has been proved as success.

In respect of Direct Foreign Investment, we all know that India is becoming an international destination. Similarly, in the infrastructure side, PPP experiment is proving us a corrective measure. So, I am of the opinion that even allowing foreign players in the retail, market sector also is a welcome step. Of course, these are all the rosy pictures of the Indian economy. At the same time, our friends were saying about corruption, etc. There is no doubt that corruption should have to be dealt with an iron hand. We have to make an end to it. Of course, Government's stand in this is in the proper direction, I would like to say.

I feel that a transparency revolution is taking place in India. I congratulate the Indian Government for that. The Right to Information Act, and formation of Central Vigilance Commission and the latest proposal to do away with the discretionary powers of the Ministers are also a remarkable step. All these things inspire me to say that a transparency revolution is taking place in this great nation.

Sir, these are all the rosy pictures. At the same time, we should not ignore the fact that there some bad situations here. Take an example of malnutrition. Some of our friends were saying about that. It has become a burning problem in this country even though we have achieved this much of financial stability. This kind of situation cannot be ignored. We all know that more than 75 per cent of pre-school children suffer from iron deficiency; and 57 per cent of pre-school children have sub-clinical vitamin A deficiency. Most growth retardation occurs by the age of two and most damage happening at that stage is really not reparable. Prevalence of underweight children in India in really alarming if we go through the statistics. India has been ranked as number two country in this because our situation is becoming bad to worse. Similarly, we all know about ICDS, some of our friends have mentioned about that, I am of the opinion that a national programme for nutrition and for strengthening the ICDS should be introduced in this country.

Sir, in respect of construction of buildings for Anganwadis, I would like to say that there are many places where land is available with the Government, but unfortunately buildings are not there. So I urge upon the Government to take speedy action for construction of buildings for Anganwadis.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI MOHAMMED E.T. BASHEER : Sir, I am concluding.

Sir, we are all talking about inclusive growth. In this connection, I would like to say that we have a lot of programmes for the development of marginalized sections of the society like the minorities and backward classes. We are talking about Sachar Committee Report. What is happening in this country? I am not saying that the Government has not done anything. They have taken some commendable steps. At the same time, almost all the recommendations are remaining as dead letters. While we all are talking about Sachar Committee, what happened to the Report of the Ranganath Mishra Commission? The Sachar Committee Report is like the diagnosis chart of the doctor who conducts ECG, blood tests etc. The Sachar Committee Report says that these are the deficiencies where as the Report of the Ranganath Mishra Commission is like the prescription chart of the doctor which says that you must take these medicines and then only your disease will be cured. But what is happening? We are all talking about the Report of the Sachar Committee. But unfortunately nothing has been done on the Report of the Ranganath Mishra Commission.

MR. CHAIRMAN : Please conclude now.

